297. सुरेन्द्र नाथ सिंह, श्री बलिया
298. सुरेन्द्र नारायण सिंह, श्री वाराणसी
299. सुरेन्द्र मैथानी, श्री कानपुर नगर
300. सुरेश कुमार, श्री शामली
301. सुरेश कुमार खन्ना, श्री शाहजहांपुर
302. सुरेश चन्द्र तिवारी, श्री लखनऊ

303. सुरेश तिवारी, श्री देवरिया
304. सुरेश राही, श्री सीतापुर
305. सुरेश्वर सिंह, श्री बहराइच
306. सुशान्त सिंह, कुँ0 बिजनौर
307. सुशील कुमार शाक्य, श्री फर्रुखाबाद
308. सूर्य प्रताप शाही, श्री देवरिया
309. सूर्यभान सिंह, श्री सुल्तानपुर
310. सोमेन्द्र तोमर, डॉ0 मेरठ
311. सोवरन सिंह यादव, श्री मैनपुरी
312. सोहिल अख्तर अंसारी, श्री कानपुर नगर
313. सौरभ श्रीवास्तव, श्री वाराणसी
314. स्वाती सिंह, श्रीमती लखनऊ
315. स्वामी प्रसाद मौर्य, श्री कुशीनगर
316. हरगोविन्द भार्गव, डॉ0 सीतापुर
317. हरविन्दर कुमार साहनी उर्फ रोमिल साहनी, श्री खीरी
318. हरिओउम यादव, श्री फिरोजाबाद
319. हरिशंकर माहौर, श्री हाथरस
320. हरीराम, श्री सोनभद्र
321. हरेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ0 जौनपुर
322. हाकिम लाल बिन्द, श्री प्रयागराज
323. हेमलता दिवाकर कुशवाहा, श्रीमती आगरा
324. हृदय नारायण दीक्षित, श्री उन्नाव

नोट :-मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ) सदन में उपस्थित थे।

[11:00] राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्।

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शस्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र-ज्योत्सना-पुलकित-यामिनीम्

फुल्ल-कुसुमित-द्रुमदल-शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

[11:02] उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष श्री सुखदेव राजभर एवं भारत के प्रथम चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सी0डी0एस0) जनरल बिपिन रावत सहित 11 सैन्य अफसर के निधन पर शोकोद्गार

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्यगण इस अवधि में अपने प्रियजनों के निधन की कई सूचनाएं हैं। उसमें हम शोक व्यक्त करना चाहते हैं।

मुख्य मंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ)-

माननीय अध्यक्ष जी, वर्तमान विधान सभा के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री सुखदेव राजभर जी का 18 अक्टूबर, 2021 को लगभग 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका आकस्मिक निधन हम सबके लिए दुःखद है। श्री सुखदेव राजभर इस सदन के वरिष्ठ सदस्य थे। राजनीतिक क्षेत्र में दीर्घ अनुभव था। वह सर्वप्रथम वर्ष 1991 में तत्पश्चात् वर्ष 1993, 2002 एवं 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लालगंज तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन

क्षेत्र दीदारगंज, जिला आजमगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर पांच बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह वर्ष 1997 से फरवरी, 2002 तक विधान परिषद् के सदस्य भी रहे। श्री सुखदेव राजभर जी वर्ष 2007 से 2012 तक उत्तर प्रदेश विधान सभा में अध्यक्ष पद पर आसीन रहे। वर्तमान विधान सभा में वह अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य भी थे। श्री सुखदेव राजभर विधान सभा एवं विधान परिषद् के विभिन्न समितियों के सदस्य रहे। उन्होंने श्री मुलायम सिंह यादव जी के मंत्रि-मण्डल में राज्य मंत्री, सुश्री मायावती जी एवं श्री कल्याण सिंह जी मंत्रिमण्डल में विभिन्न विभागो के मंत्री पद के दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। श्री सुखदेव राजभर एक जनप्रिय नेता थे। उनके व्यक्तित्व में सादगी, सरलता और कर्मठता अपने आप में मिसाल थी।

उन्होंने समाज के दलित, वंचित एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिये कार्य किया। वह अखिल भारतीय राजभर महासंघ के कोषाध्यक्ष एवं अध्यक्ष भी रहे। वह एक समर्पित जनप्रतिनिधि के रूप में अपने क्षेत्र के विकास और जनकल्याण के लिये समर्पित रहे। श्री सुखदेव राजभर के निधन से प्रदेश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी को खो दिया है। मैं उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की कामना करते हुये उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना भी व्यक्त करता हूँ।

महोदय, मुझे एक दुःखद समाचार और देना है कि दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के निकट देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (सी0डी0एस0) जनरल बिपिन रावत जी, उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत जी सहित 11 अन्य सैन्य अफसर कर्मियों का एक असामयिक और दुःखद निधन हो गया। जनरल बिपिन रावत सैन्य स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, तमिलनाडु के एक समारोह में भाग लेने जा रहे थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिये दुःखद है। मैं इस दुर्घटना में दिवंगत जनरल बिपिन रावत, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मधुलिका रावत, ब्रिगेडियर लखविंदर सिंह लिड्डर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान, स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह, जूनियर वारंट ऑफिसर राणा प्रताप दास, जूनियर वारंट ऑफिसर अरक्कल प्रदीप, हवलदार सतपाल राय, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेन्द्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार तथा लांस नायक श्री बी0 साई तेजा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। इस दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी करता हूँ।

मान्यवर, जनरल बिपिन रावत मूल रूप से उत्तराखण्ड के रहने वाले थे। वह दिसम्बर, 1978 में भारतीय सैन्य अकादमी से पास आउट हुये थे और 11वीं गोरखा राइफल की 5वीं बटालियन में सेकेण्ड लेफ्टिनेंट के पद पर उन्हें पहली तैनाती मिली। उनके पास विभिन्न सैन्य सेवाओं का लगभग 40 वर्षों का एक उत्कृष्ट अनुभव था। जनरल बिपिन रावत 01 जनवरी, 2020 से देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ के महत्वपूर्ण पद पर आसीन थे। इससे पूर्व

वह 31 दिसम्बर, 2016 से 31 दिसम्बर, 2019 तक थल सेनाध्यक्ष के पद पर रहे। चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ के रूप में जनरल रावत साहसिक और सटीक फैसले लेने के लिये विख्यात थे। उन्होंने भारतीय सेनाओं का आधुनिक युद्ध की चुनौतियों, सेना के तीनों अंगों के बीच सामंजस्य का और संस्थागत रूप देने तथा रक्षा जरूरतों के अनुरूप सेना के आधुनिकीकरण की दिशा में ठोस कार्य किया। जनरल रावत ने अपनी कुशल सैन्य रणनीतियों से बालाकोट एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक, म्यांमार ऑपरेशन तथा पूर्वोत्तर के उग्रवाद को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभायी है। उन्होंने कश्मीर में राष्ट्रीय राइफल का नेतृत्व किया तथा संयुक्त राष्ट्र शान्ति सेना में भी रहे। जनरल रावत की अदम्य सैन्य वीरता व साहस हमारे लिये प्रेरणा का स्रोत है। उन्हें सेना के परम् विशिष्ट सेवा पदक, उत्तम युद्ध सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक, युद्ध सेवा पदक एवं सेना पदक से सम्मानित किया गया था। उनके निधन से भारतीय सेना व देश की अपूर्णनीय क्षति हुयी है। मैं अपनी ओर से तथा इस सदन की ओर से इस घटना में शहीद हुये सभी लोगों की दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ और ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की कामना करते हुये उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूँ।

महोदय, इसके साथ ही मुझे अनुरोध करना है कि जो विगत सत्र और इस सत्र के बीच में हमारे कई दिवंगत पूर्व साथी भी हमारे बीच में नहीं रहे। आज उन सभी दिवंगत आत्माओं के प्रति भी मैं अपनी ओर से तथा इस सदन की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और आपसे यह प्रार्थना करता हूँ कि हम सबकी संवेदना को उनके दुखी परिजनों तक पहुँचाने का आप कष्ट करेंगे। धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

माननीय नेता प्रतिपक्ष।

नेता विरोधी दल (श्री राम गोविन्द चौधरी)-

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सुखदेव राजभर जी तथा भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत एवं 11 अन्य सैन्य अफसरों-कर्मियों के निधन पर शोक संवेदना जो माननीय नेता सदन ने प्रकट किया है, उससे मैं अपने आपको सम्बद्ध करता हूँ। श्री सुखदेव राजभर जी का 18 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया, वह लगभग 70 वर्ष के थे। पहली बार वह वर्ष 1991 में विधान सभा में चुनकर आये थे, वह एक अच्छे वक्ता थे एवं जनता की सही बात विधान सभा में रखते थे। वाद-विवाद में विश्वास रखते थे, शालीन व्यक्तित्व के धनी आदमी थे। श्री सुखदेव राजभर वर्ष 1991, 1993, 2002 एवं 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लालगंज व वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र दीदारगंज, जिला आजमगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे एवं 1997 में विधान परिषद् के भी सदस्य रहे थे। श्री सुखदेव राजभर जी उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष के पद पर

आसीन रहे और सदन को संचालित करने में बिल्कुल निष्पक्षता एवं शालीनता का परिचय दिया, जैसे आप दे रहे हैं। माननीय मुलायम सिंह यादव, माननीया मायावती जी तथा माननीय कल्याण सिंह जी के मंत्रि-मण्डल में उन्होंने मंत्रि-मण्डल के सदस्य के रूप में भी काम किया। वे सामाजिक आन्दोलनों एवं राजनैतिक आन्दोलनों के तहत जेल भी गये और अखिल भारतीय राजभर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष भी रहे थे। ऐसे महान सामाजिक राजनैतिक व्यक्ति आज हमारे बीच नहीं हैं, इससे समाज को भी और राजनीति को भी गहरा आघात पहुँचा है। ऐसे व्यक्तियों को राजनीति को आगे बढ़ाने में रहना चाहिए। मैं समाजवादी पार्टी की तरफ से, पूरे विपक्ष की तरफ से, सदन की तरफ से इनके प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि इनको अपने चरणों में स्थान दें एवं इनके परिजनों को, इनके शुभचिंतकों को इनके सहयोगियों को इतना सम्बल प्रदान करें ताकि वह इतना बड़ा दुःख सहन करने में सक्षम हो सकें।

माननीय अध्यक्ष जी मेरी आपसे प्रार्थना है कि उनके परिजनों तक उनके सहयोगियों तक मेरी शोक संवेदनायें पहुँचाने की कृपा करें। माननीय अध्यक्ष जी देश के लिए बहुत ही बड़ी दुर्घटना 08 दिसम्बर, 2021 को घटित हुई। भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत एवं 11 अन्य सैन्य अफसरों-कर्मियों की हेलीकाप्टर दुर्घटना ग्रस्त होने से निधन की सूचना जब मिली तो पूरा देश स्तब्ध रह गया और पूरे देश में मायूसी और गम छा गया। हमारे इतने बड़े सैन्य अधिकारी इतने बढ़िया-बढ़िया पायलट एवं उनके सहयोगी जो देश की रक्षा के लिए, देश की सुरक्षा के लिए, समाज की सुरक्षा के लिए, सरहद की रक्षा के लिए आवश्यक थे, अपनी जान की बाजी लगा करके देश को अक्षुण्ण बनाये रखने में कामयाब थे। ऐसे महान सैनिक अब हमारे बीच में नहीं रहे। जनरल बिपिन रावत ने 01 जनवरी, 2020 को देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सी0डी0एस0) का पद संभाला। इससे पूर्व वे 31 दिसम्बर, 2016 से 31 दिसम्बर, 2019 तक देश के थल सेना अध्यक्ष के पद पर रहे। उन्हें दिसम्बर, 1978 में भारतीय सैनिक अकादमी से पास आउट होकर 11वीं गोरखा राइफल की पाँचवीं बटालियन में सेकेण्ड लेफ्टिनेंट के रूप में पहली तैनाती मिली थी।

श्री बिपिन रावत ने सी0डी0एस0 के रूप में अपने कुशल व्यक्तित्व एवं रणनीतियों के साथ सेना के तीनों अंगों को पहले से अधिक आधुनिक एवं शक्तिशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अदम्य सैन्य वीरता, निर्भीकता एवं असाधारण सैन्य उपलब्धियां सेना के लिए प्रेरणा हैं। उनकी सुरक्षा नीतियों एवं अतुलनीय योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा का यह सदन हेलीकाप्टर दुर्घटना में दिवंगत हुए जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी एवं 11 अन्य सैन्य अफसरों-कर्मियों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। हम आपसे प्रार्थना करते हैं कि श्री बिपिन रावत एवं उनके साथ जितने भी सैनिक शहीद हुए हैं, उन सबके परिवारजनों को, उनके शुभचिन्तकों को

हमारी तरफ से श्रद्धांजलि की सूचना उनके घर पहुंचाने की कृपा करें। चूंकि कार्य-मंत्रणा समिति की बैठक में यह तय हुआ था कि पूर्व विधायकों के सम्बन्ध में शोक-सम्वेदना कल व्यक्त करेंगे, लेकिन माननीय नेता सदन ने उस बात को रख दिया है। जो पिछला सदन उठा और जो आज सदन बैठा है इसके बीच में विधान सभा के हमारे जो साथी नहीं रहे, उन सारे माननीय सदस्यों को मैं समाजवादी पार्टी की तरफ से, पूरे विपक्ष की तरफ से, सदन की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे प्रार्थना करता हूं कि उनके परिवारजनों तक हमारी संवेदनायें पहुंचाने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष-

कल यह तय हुआ था कि जो पूर्व विधायक है, उनके बारे में हम कन्क्लूड करते समय कह देंगे, लेकिन आप जैसा चाहें वैसा करें।

श्री उमाशंकर सिंह-

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सुखदेव राजभर जी जो आज हम लोगों के बीच में नहीं रहे और प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत जी एवं उनके साथ 11 अन्य सैन्य अफसरों-कर्मियों के निधन की सूचना नेता सदन माननीय मुख्य मंत्री जी एवं नेता प्रतिपक्ष माननीय श्री राम गोविन्द चौधरी जी ने जो सदन के समक्ष रखी है, उससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूं। श्री सुखदेव राजभर जी का 18 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया। वे लगभग 70 वर्ष के थे और हमारे दल बहुजन समाज पार्टी के बहुत ही जिम्मेदार और सीनियर लीडर थे और पूरा सदन उनके निधन से मर्माहत है, विशेष रूप से हमारा दल बहुजन समाज पार्टी उनको अपने बीच न पाकर बहुत बड़ी क्षति महसूस कर रहा है। माननीय अध्यक्ष जी, सुखदेव राजभर जी का जन्म 05 सितम्बर, 1951 को बड़गहन, जिला आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने उस समय बी0एस0सी0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी और मृदुभाषी एवं लोगों के प्रति स्नेह की वजह से 1991, 1993, 2002, 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लालगंज व वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र दीदारगंज, जिला आजमगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वे वर्ष 1997 में विधान परिषद् के भी सदस्य रहे थे। माननीय अध्यक्ष जी, श्री सुखदेव राजभर जी उत्तर प्रदेश विधान सभा के स्पीकर भी रहे हैं। विधान सभा एवं विधान परिषद् की विभिन्न समितियों के सदस्य भी रहे हैं। यह जरूर है कि हमारे जैसे नये सदस्यों को उनके विधान सभा की अध्यक्ष की कुर्सी पर रहते हुए कार्य करने का अवसर नहीं मिला, लेकिन जितना हम लोगों ने सुना, जितना हम लोगों ने उन्हें पढ़ा, जितना महसूस किया, निश्चित रूप से उस समय उनके साथ काम करने वाले लोग उनकी उस चीज की अनुभूति करते होंगे। मा0 अध्यक्ष जी, वह बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे, इसमें मैं बहुत ही छोटा उदाहरण बताऊंगा क्योंकि हमारे दल के नेता लाल जी वर्मा की कुर्सी यहां होती थी जो मोना जी के पास की सीट है वो भी बी0एस0पी0 के लिए एलॉट थी, चूंकि हमें डिप्टी लीडर चुना गया था। बहुजन समाज पार्टी की तरफ से मा0 राजभर जी वहां बैठने को तैयार नहीं होते थे

वो कहते थे कि आप डिप्टी लीडर हो, आप आगे बैठिए। मैंने उनकी सरलता का एक छोटा सा उदाहरण दिया है। मा0 अध्यक्ष जी, वह मा0 मुलायम सिंह जी, सुश्री मायावती जी, मा0 कल्याण सिंह जी के मंत्रि-मंडल में भी वह मंत्रि-मंडल के सदस्य थे और वर्तमान में उनको अधिष्ठाता मण्डल में सदस्य के रूप में भी चुना गया था। निश्चित रूप से हम सभी उनके निधन से दुखी हैं। मैं बहुजन समाज पार्टी की तरफ से शोक संवेदना प्रकट करता हूँ और साथ ही ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि उनके शुभचिंतकों और उनके परिवार के लोगों को इस दुःख को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।

मा0 अध्यक्ष जी, दूसरी जो दुःखद घटना है जो सदन में रखी गयी है। 8 दिसम्बर, 2021 को सेना का हेलिकाप्टर क्रैश हुआ जिसमें चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत जी एवं उनके साथ 11 अन्य सैन्य अधिकारी उस दुर्घटना में शहीद हुए। जो सेना के प्रति देश के आम नागरिक का लगाव है, उस दिन देखने को मिला। हम यहां विभिन्न दलों में बैठकर राजनीतिक काम करते हों या हमारी विचारधारा अलग हो लेकिन जैसे ही यह खबर आयी तब पूरा देश थम गया। जनरल बिपिन रावत जी ने 1 जनवरी, 2020 को देश के प्रथम डिफेंस चीफ स्टाफ का पद ग्रहण किया था। इससे पूर्व 31 दिसम्बर 2016 से 31 दिसम्बर 2019 तक देश के थल सेना अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। उन्हें दिसम्बर 1978 में भारतीय सैनिक अकादमी से पास आउट होकर 11 गोरखा रायफल की 5वीं बटालियन में सेकेण्ड लेफ्टिनेंट के रूप में पहली तैनाती मिली थी। जनरल बिपिन रावत ने सी0डी0एस0 के रूप में अपनी कुशल नीतियों के साथ सेना के तीनों अंगों को पहले से अधिक शक्तिशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी निर्भीकता असाधारण उपलब्धियां एवं अतुल्य योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा का यह सदन हेलिकाप्टर दुर्घटना में शहीद हुए जनरल बिपिन रावत जी एवं उनके साथ 11 अन्य सैन्य अफसरों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता है। मैं ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति की कामना करते हुए उनके दुःखी परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूँ। मा0 अध्यक्ष जी, आप बहुजन समाज पार्टी की तरफ से उनके परिवार को संवेदना पहुचाने की कृपा करें। पिछले सत्र से लेकर आज तक जितने भी सैनिकों एवं विधायकों का असमय निधन हुआ है उन सभी के प्रति बहुजन समाज पार्टी की तरफ से शोक संवेदना प्रकट करता हूँ।

***श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'-**

माननीय अध्यक्ष जी, आज बहुत दुःख का दिन है। माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष और माननीय नेता बसपा ने जो शोक संवेदनायें इस सदन में रखी हैं, उनसे मैं अपने आपको सम्बद्ध करती हूँ। आदरणीय राजभर जी के जाने से आज हम सब दुःखी हैं, पर विशेषकर मेरे लिये यह व्यक्तिगत क्षति है। वर्ष 2019 में जब मैं पहली बार नेता, कांग्रेस विधान मण्डल दल के रूप में इस कुर्सी पर बैठी तो मेरे बगल में आदरणीय राजभर जी बैठते

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

थे। संसदीय कार्य के लिए मेरा अनुभव कम था तो उन्होंने लगातार स्नेह दिया, आशीर्वाद दिया और मेरा मार्गदर्शन भी किया। आज यह खाली कुर्सी पूरे सदन के लिए बहुत बड़े दुख की बात है। आदरणीय राजभर जी उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य थे और दिनांक 18 अक्टूबर, 2021 को उनका निधन हुआ। वह लगभग 70 वर्ष के थे। श्री सुखदेव राजभर जी का जन्म दिनांक 05 सितम्बर, 1951 को बड़गहन, जनपद आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने बी0एस0सी0 एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सुखदेव राजभर जी वर्ष 1991, 1993, 2002, 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लालगंज से तथा वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र दीदारगंज, जिला आजमगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर आये थे। वह वर्ष 1997 में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के भी सदस्य रहे। श्री सुखदेव राजभर जी उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष तथा विधान सभा एवं विधान परिषद् की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। वह श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल, सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल तथा श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे थे। वर्तमान विधान सभा में वह अधिष्ठाता मण्डल के भी सदस्य थे। वह विभिन्न आन्दोलनों के तहत जिला कारागार, आजमगढ़ में बन्दी भी रहे। श्री सुखदेव राजभर अखिल भारतीय राजभर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष भी रहे थे। समाजसेवा, राजनीति एवं पठन-पाठन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री सुखदेव राजभर के निधन से देश ने एक कुशल राजनेता तथा समाजसेवी खो दिया है। माननीय अध्यक्ष जी, मैं अनुरोध करूँगी कि मेरी और मेरी दल की शोक संवेदना उनके शोक संतृप्त परिवार तक अवश्य पहुँचवायें।

माननीय अध्यक्ष जी, दूसरी दुःखद घटना दिनांक 08 सितम्बर, 2021 को घटित हुई है। देश की आर्मी का सर्वश्रेष्ठ हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिसमें देश के चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (सी0डी0एस0) जनरल श्री बिपिन रावत जी, उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत जी तथा 11 अन्य सैन्य अफसरों एवं कर्मियों का दुःखद निधन हुआ। इस घटना से पूरे राष्ट्र को बड़ा आघात पहुँचा है। जनरल बिपिन रावत जी का असमय निधन भारतीय सेना एवं पूरे देश के लिए दुःखद है। जनरल बिपिन रावत जी ने दिनांक 01 जनवरी, 2020 को देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ का पद संभाला था। इससे पूर्व वह दिनांक 31 दिसम्बर, 2016 से 31 दिसम्बर, 2019 तक देश के थल सेना अध्यक्ष के पद पर रहे। दिसम्बर, 1978 में भारतीय सैनिक अकादमी से पास आउट होकर उन्होंने 11वीं गोरखा राइफल्स की पांचवीं बटालियन में सेकेण्ड लेफ्टिनेन्ट के रूप में पहली तैनाती पाई थी। जनरल बिपिन रावत ने चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ के रूप में अपनी कुशल रणनीति के साथ सेना के तीनों अंगों को पहले से अधिक आधुनिक तथा प्रभावशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अदम्य सैन्य वीरता, निर्भीकता एवं असाधारण सैन्य उपलब्धियाँ सेना के लिए प्रेरणा हैं। उनकी सुरक्षा नीतियों एवं अतुलनीय योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा का यह सदन हेलीकॉप्टर दुघर्टना में दिवंगत हुये जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी एवं 11 अन्य सैन्य

अफसरों/कर्मियों को नमन करता है, उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना करते हुए दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक शोक संवेदना व्यक्त करता है।

माननीय अध्यक्ष जी, पिछले सदन से लेकर इस सदन के बीच इस अवधि में इस सदन के हमारे पूर्व सदस्य जो विधायक रहे और जो दिवंगत हुए मैं अपनी ओर से और अपने दल की ओर से उनको श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद।

***श्री हरीराम-**

माननीय अध्यक्ष जी, नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष, नेता कांग्रेस ने जो शोक-संवेदना व्यक्त की है, उससे अपने आपको सम्बद्ध करते हुए आज मुझे बहुत दुःख से कहना पड़ रहा है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के वर्तमान सदस्य श्री सुखदेव राजभर जी का 18 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया है। वह लगभग 70 वर्ष के थे। श्री सुखदेव राजभर जी का जन्म 5 सितम्बर, 1951 को बड़गहन, जिला आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने बी0एस0सी0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सुखदेव राजभर वर्ष 1991, 1993, 2002, 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लालगंज व वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र दीदारगंज, जिला आजमगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह 1997 में विधान परिषद् के भी सदस्य रहे थे। श्री सुखदेव राजभर जी उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष तथा विधान परिषद् की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे। श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल, सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल, श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल के सदस्य भी रहे। वर्तमान विधान सभा में अधिष्ठाता मण्डल के भी वह सदस्य थे। वह विभिन्न आन्दोलनों के तहत जिला कारागार आजमगढ़ में बन्दी भी रहे। श्री सुखदेव राजभर अखिल भारतीय राजभर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष भी थे। समाजसेवा, राजनीति एवं पठन-पाठन में उनकी विशेष रुचि थी। श्री सुखदेव राजभर जी के निधन से प्रदेश ने कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है। मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मेरी ओर से, मेरी पार्टी अपना दल की ओर से शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाई जाए।

माननीय अध्यक्ष जी, देश की सबसे बड़ी दुःखद दुर्घटना दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के निकट वायु सेना का एम0आई0-17वी5 हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सी0डी0एस0) जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत सहित 11 अन्य सैन्य अफसरों-कर्मियों का दुःखद निधन हो गया। यह घटना पूरे राष्ट्र के लिए एक बड़ा आघात है। जनरल बिपिन रावत का असमय निधन भारतीय सेना एवं पूरे देश के लिए दुःखद है। जनरल बिपिन रावत ने 01 जनवरी, 2020 को देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सी0डी0एस0) का पद सम्भाला। इससे पूर्व वे

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

31 दिसम्बर, 2016 से 31 दिसम्बर, 2019 तक देश के थल सेना अध्यक्ष के पद पर रहे। उन्हें दिसम्बर, 1978 में भारतीय सैनिक अकादमी से पास आउट होकर 11वीं गोरखा राइफल की पांचवीं बटालियन में सेकेण्ड लेफ्टिनेंट के रूप में पहली तैनाती मिली थी। जनरल बिपिन रावत ने सी0डी0एस0 के रूप में अपनी कुशल रणनीतियों के साथ सेना के तीनों अंगों को पहले से अधिक आधुनिक व शक्तिशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अदम्य सैन्य वीरता, नीर्भीकता एवं असाधारण सैन्य उपलब्धियां सेना के लिए प्रेरणा हैं।

मान्यवर, उनकी सुरक्षा नीतियों एवं अतुलनीय योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा का यह सदन हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दिवंगत हुए जनरल बिपिन रावत एवं 11 अन्य सैन्य अफसरों/कर्मियों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना करते हुए उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। मैं आपसे निवेदन करूँगा कि मेरी ओर से, मेरी पार्टी अपना दल की ओर से संवेदना एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके परिजनों तक संवेदना भिजवाई जाए और साथ ही जो इस सदन के पूर्व विधायक रहे, आज हम लोगों के बीच में नहीं हैं, ऐसे जिनका भी निधन हुआ है, ऐसे विधायकों के प्रति भी मैं आज इस सभा में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आपसे निवेदन करूँगा कि उनके परिवारजनों तक शोक संवेदना भिजवाने की कृपा करें।

श्री उपाध्यक्ष-

माननीय अध्यक्ष जी, श्री सुखदेव राजभर जी और देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ श्री बिपिन रावत जी के निधन पर माननीय नेता सदन, माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता बहुजन समाज पार्टी, माननीय नेता कांग्रेस और माननीय नेता अपना दल ने जो शोक संवेदना व्यक्त की है, मैं उससे अपने आपको सम्बद्ध करता हूँ। उत्तर प्रदेश की वर्तमान विधान सभा के सदस्य श्री सुखदेव राजभर जी का दिनांक 18 अक्टूबर, 2021 को निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष के थे। श्री सुखदेव राजभर जी का जन्म दिनांक 05 सितम्बर, 1951 को बड़गहन जिला आजमगढ़ में हुआ था। उन्होंने बी0एस0सी0, एल0एल0बी0 की शिक्षा ग्रहण की थी। श्री सुखदेव राजभर जी वर्ष 1991, 1993, 2002 एवं 2007 में निर्वाचन क्षेत्र लालगंज व वर्ष 2017 में निर्वाचन क्षेत्र दीदारगंज, जिला आजमगढ़ से बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधान सभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। श्री सुखदेव राजभर जी वर्ष 1997 में विधान परिषद् के भी सदस्य रहे थे। श्री सुखदेव राजभर जी उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष व विधान सभा एवं विधान परिषद् की विभिन्न समितियों के सदस्य रहे थे। वह श्री मुलायम सिंह यादव मंत्रि-मण्डल, सुश्री मायावती मंत्रि-मण्डल व श्री कल्याण सिंह मंत्रि-मण्डल के सदस्य रहे थे। वर्तमान विधान सभा में वह अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य भी थे। वह विभिन्न आन्दोलनों के तहत जिला कारागार, आजमगढ़ में बन्दी रहे। श्री सुखदेव राजभर जी अखिल भारतीय राजभर

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष भी रहे थे। समाज सेवा, राजनीति एवं पठन-पाठन में उनकी विशेष रुचि थी। जब वह उत्तर प्रदेश की 15वीं विधान सभा के अध्यक्ष थे तो उस समय मैं पहली बार विधान सभा सदस्य चुनकर आया था। चूंकि उस समय मेरे पास अनुभव नहीं था, लेकिन उनका जिस तरीके से नये सदस्यों के प्रति स्नेह था जैसे आज आपका है। यह मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति भी है और मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि मेरी एवं सदन के सभी माननीय सदस्यों की संवेदना उनके शोक संतप्त परिवार को पहुँचाने की कृपा करें।

भारत के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत जी के साथ-साथ 11 अन्य सैन्य अफसरों का 08 दिसम्बर, 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर के निकट वायु सेना का एम0आई0-17वी5 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें श्री बिपिन रावत जी, उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत सहित ब्रिगेडियर लखविन्दर सिंह लिड्डर, लेफ्टिनेंट कर्नल हरजिंदर सिंह, विंग कमाण्डर पृथ्वी सिंह चौहान, स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह, जूनियर वारंट आफिसर राणा प्रताप दास, जूनियर वारंट आफिसर अरक्कल प्रदीप, हवलदार सतपाल राय, नायक गुरसेवक सिंह, नायक जितेंद्र कुमार, लांस नायक विवेक कुमार और लांस नायक बी0 साई तेजा का दुःखद निधन हो गया। यह घटना पूरे राष्ट्र के लिए एक बड़ा अघात है। इस दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल ग्रुप कैप्टन वरूण सिंह के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। जनरल बिपिन रावत ने 01 जनवरी, 2020 को देश के प्रथम चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद संभाला इससे पूर्व वह 31 दिसम्बर, 2016 से 31 दिसम्बर, 2019 तक देश के थल सेना अध्यक्ष के पद पर रहे।

उन्हें दिसम्बर, 1978 में भारतीय सैनिक अकादमी से पास आउट होकर 11वीं गोरखा राइफल की पांचवीं बटालियन में सेकेण्ड लेफ्टिनेंट के रूप में पहली तैनाती मिली थी। जनरल बिपिन रावत ने सी0डी0एस0 के रूप में अपनी कुशल रणनीतियों के साथ सेना के तीनों अंगों को पहले से अधिक आधुनिक एवं शक्तिशाली बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी अदम्य सैन्य वीरता, निर्भीकता एवं असाधारण सैन्य उपलब्धियां सेना के लिए प्रेरणा हैं। उनकी सुरक्षा नीतियों एवं अतुलनीय योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा का यह सदन हेलीकाप्टर दुर्घटना में दिवंगत हुए जनरल बिपिन रावत एवं 11 अन्य सैन्य अफसरों-कर्मियों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की कामना करते हुए उनके दुःखी परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है। इसके साथ ही पिछले सदन से इस सदन तक, जब आज हम लोग बैठे हैं, इस बीच में जितने मा0 पूर्व विधान सभा सदस्यों का निधन हुआ है, उनके प्रति भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि मेरे व पूरे सदन की शोक संवेदना उनके परिजनों तक पहुंचाने की कृपा करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री अध्यक्ष-

इस संसार की गति है कि जो आता है सो जाता है। हमारे पूर्वजों ने जीवन को क्षणभंगुर कहा है और यह ध्रुवसत्य है कि यहां पर सबको अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करके जाना है, लेकिन इतिहास में कुछ लोग ऐसे होते हैं जो इस साधारण आवागमन की चेतना से ऊपर कुछ ऐसा कर जाते हैं जिससे इतिहास में हस्तक्षेप हो जाता है। कुछ कर जाते हैं कि भारतीय परम्परा, संस्कृति एवं यश को नये सूत्र मिलते हैं। सारी दुनिया में ऐसे लोगों की चर्चा होती है और ऐसे लोग जब चले जाते हैं तो उनका जाना बड़ा सामान्य-सा नहीं लगता है। वे हमारे हृदय को, हमारी बुद्धि को, प्रज्ञा को, ज्ञान को बहुत भीतर तक प्रभावित करते हैं जैसे उनके जाने से कोई गीत खो गया हो, कोई सुर-साधना बीच में रुक गयी हो। ऐसे ही दुःखपूर्ण क्षण में हम आज उत्तर प्रदेश विधान सभा के पूर्व अध्यक्ष और इस आदरणीय सदन के अभी तक सदस्य रहे आदरणीय राजभर जी का स्मरण करते हैं, उनके साथ हम इस आदरणीय सदन के सदस्य रह चुके कई पूर्व सदस्य श्री रामलोटन सिंह, जिला मिर्जापुर, श्री ओम प्रकाश, जिला बिजनौर, श्री फौजदार प्रसाद, जिला मऊ, श्री विनोद कुमार सिंह, जिला मऊ, श्री लालन शर्मा, जिला हरदोई, श्री ठाकुर सूरजपाल सिंह, जिला आगरा, श्री रामश्री राजपूत, जिला हमीरपुर, श्री प्रमोद सिंह, जिला देवरिया, श्री मुहम्मद सईद 'भ्रमर', जिला सिद्धार्थनगर और श्री हरिवंश कपूर, जो यहां भी सदस्य रहे और उत्तराखंड की विधान सभा में भी सदस्य रहे और मा0 कल्याण सिंह के मंत्रिमण्डल में मंत्री भी रहे, ऐसे पूर्व सदस्यों को और जो इस सदन में अपनी विनम्रता के कारण बहुत चर्चित एवं विख्यात रहे, ऐसे श्री राजभर जी को मैं इस आदरणीय सदन की ओर से और अपनी ओर से श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूं। इस सम्बन्ध में मा0 नेता सदन, मा0 नेता प्रतिपक्ष, मा0 नेता कांग्रेस, मा0 नेता बहुजन समाज पार्टी, मा0 नेता अपना दल ने जो विचार व्यक्त किये हैं, उनके साथ मैं स्वयं को सम्बद्ध करता हूँ। इसके साथ ही पूरे देश एवं दुनिया को हिला देने वाली घटना, जिसमें भारतीय सेना के प्रमुख एवं सर्वोच्च अधिकारी श्री बिपिन रावत एवं उनके तमाम सहयोगियों का हेलीकॉप्टर दुर्घटना में निधन हुआ, उनके प्रति भी इस आदरणीय सदन की ओर से मैं गहन शोक संवेदना व्यक्त करता हूँ। इस घटना से पूरा देश शोकाकुल है।

श्री बिपिन रावत अपने काम से न केवल भारत के इतिहास को एक नई दिशा में ले जा रहे थे, बल्कि जो पड़ोसी देश है, वहाँ भी इनके काम की, रूप की, स्वरूप की चर्चा थी। सदन स्वाभाविक ही शोकाकुल है। मैं इस अवसर पर ऐसे सभी महानुभावों को, राजभर जी को, बिपिन रावत जी को, पूर्व सदस्यों को, इन सबको सदन की तरफ से श्रद्धांजलि व्यक्त करता हूँ और प्रार्थना करता हूँ कि उन्हें मुक्ति मिले, मोक्ष मिले, स्वर्ग मिले, अमरत्व मिले।

अब मैं आप सबसे अनुरोध करता हूँ कि उनकी स्मृति में अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर 02 मिनट का मौन धारण करें।

(दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए)

ॐ शान्ति।

अब हम कल 11:00 बजे तक के लिए उठते हैं।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 11 बजकर 46 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया।)

लखनऊ :

दिनांक : 15 दिसम्बर, 2021

प्रदीप कुमार दुबे,

प्रमुख सचिव,

विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0-13 विधान सभा (14)-29-04-2022-76 प्रतियां (कम्प्यूटर/आफसेट)।